खबर संक्षेप



मातारानी को चढ़ाई चुनरी

स्लीमनाबाद। नवरात्र की पंचमी पर देर शाम स्लीमनाबाद के नगर महारानी शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति के द्वारा चुनरी यात्रा निकाली। भक्तगण प्रतिमा स्थल से 101 मीटर की चुनरी यात्रा मातारानी की जयघोष करते हुए प्रारंभ की। बैंड बाजा की धुन पर चुनरी यात्रा में शामिल भक्तों के द्वारा देवी गीत मातारानी की जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण की। नगर में स्थापित सभी देवी मंदिरों से होते हुए नगर महारानी स्थल पहुँची जहां शक्ति की उपासना की विधि विधान से पूजा अर्चना कर 101 मीटर चुनरी मातारानी को अर्पित की गई। चुनरी अर्पित कर विश्व कल्याण की कामना की गई। वही ग्राम खम्हरिया में 51 मीटर चुनरी यात्रा निकाली गई जो मातारानी को अर्पित की गई।

40 हजार के जेवर बरामद, आरोपित को भेजा गया जेल

कटनी। माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जरवाही में सूने मकान को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 40 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 6 मई 2026 को ग्राम जरवाही निवासी हेमचन्द्र कुशवाहा अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान की पिछली दीवार खोदकर घर में प्रवेश किया और सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चोरी कर ली। घर लौटने पर चोरी का पता चलने के बाद फरियादी ने निवार चौकी में शिकायत दर्ज कराई। प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने जितेंद्र उर्फ पवनों मांझी निवासी मतवारी को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार की। कार्रवाई में निवार चौकी प्रभारी अंजनी मिश्र, राजेश कोरी, कमलेश्वर शुक्ला, प्रधान आरक्षक गौरव सेन, मनीष कुमार, देवेश कोष्टा तथा आरक्षक अरविंद एवं वकील की भूमिका रही।

उमरियापान न्यू बस स्टैंड में देवी जागरण आज

उमरियापान। शारदेय नवरात्र पर्व पर उमरियापान के न्यू बस स्टैंड में मातारानी की प्रतिमा स्थापित की गई है।सुबह शाम आरती पूजन में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। 17 अक्टूबर को सप्तमी तिथि पर यहाँ देवी जागरण का आयोजन किया गया है। कलाकारों द्वारा देवी गीत के साथ आकर्षक झांकिया सजाई जाएगी। दुर्गा उत्सव समिति न्यू बस स्टैंड के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से देवी जागरण में पहुँचने की अपील की है।

निर्माणाधीन बस स्टैंड भवन का किया निरीक्षण

कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत विकासखंड मुख्यालय बड़वारा में करीब 60 लाख रूपये कि लागत से निर्माणाधीन नवीन बस स्टैंड के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को तय समय-सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी अभिनय विश्वकर्मा, एसडीएम कटनी जीतेन्द्र पटेल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुश्री मेघा पवार, तहसीलदार बड़वारा शऋषि गौतम सहित पर्यावरणविद एवं सचिव मानव जीवन विकास निर्भय सिंह मौजूद रहे। कलेक्टर ने निर्माण एजेन्सी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि वे मुख्य सड़क से बस स्टैंड तक के पहुंचने के मार्ग के गड्ढों कि पुराई करवाकर मार्ग का समतलीकरण करायें ,ताकि सुचारु और सुगम आवागमन हो सकें।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये डायवर्ट किया गया मार्ग, 21 तक प्रतिबंध

रणनीति बनाईः दशहरा में लोगों को न हो परेशानी, भारी वाहनों को एंट्री नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नवरात्र पर्व के दौरान शहर में उमड़ने वाली लोगो की भीड़ एवं यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पहले से तैयारियां दुरूस्त करने की कवायद की गई है। नवरात्र की सप्तमी, अष्टमी एवं नवमीं के साथ ही दशहरा पर्व पर शहर में निकलने वाले जुलूस, रावण दहन और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्था लागू करने की तैयारी की है। कटनी शहर और माधवनगर में निर्धारित कार्यक्रमों के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। 16 अक्टूबर से बसों और लोडिंग वाहनों को प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से शहर के बाहरी मार्गों की ओर डायवर्ट किया जाएगा। यातायात पुलिस ने वाहन संचालकों और आम नागरिकों से निर्धारित व्यवस्था का पालन करने की अपील की है।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और सुगम यातायात के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय/यातायात रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह, आरआई अंजू लकड़ा तथा कोतवाली थाने के उपनिरीक्षक कुलदीप टेकाम ने थाना कोतवाली परिसर में ट्रांसपोर्टर्स और वाहन संचालकों के साथ बैठक की।बैठक में बस एसोसिएशन, ऑटो एसोसिएशन और ट्रांसपोर्टर यूनियन से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पर्व के दौरान आमजन की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए भारी एवं लोडिंग वाहनों को निर्धारित समय में शहर के बाहर डायवर्ट करने पर सहमति बनी। कटनी शहर में 20 अक्टूबर को दशहरा जुलूस एवं रावण दहन के मद्देनजर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध 21 अक्टूबर को सुबह 4 बजे तक प्रभावी रहेगा। हालांकि, आमजन की उपस्थिति और यातायात की स्थिति सामान्य होने के अनुसार व्यवस्था में बदलाव किया जा सकता है।

श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाए रखने के लिए 16 से 21 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से बसों और 407, एलपीडी सहित अन्य लोडिंग वाहनों को बस स्टैंड, बिलहरी मोड़, माधवनगर गेट और डन कॉलोनी के पास से शहर के बाहरी मार्गों की ओर डायवर्ट किया जाएगा। प्रतिबंधित समय में इन वाहनों का शहर में प्रवेश नहीं हो सकेगा। यह व्यवस्था अग्रिम आदेश तक लागू रहेगी। माधवनगर में 21 अक्टूबर को दशहरा जुलूस और रावण दहन कार्यक्रम आयोजित होगा। इसे देखते हुए भारी वाहनों की नो-एंट्री लागू रहेगी। प्रतिबंध 22 अक्टूबर को सुबह 2 बजे तक अथवा भीड़ और यातायात सामान्य होने के अनुसार समाप्त किया जाएगा। यातायात पुलिस ने ट्रांसपोर्टर्स एवं वाहन संचालकों से कहा है कि वे प्रतिबंधित समय में भारी और लोडिंग वाहनों को शहर में प्रवेश न कराएं तथा वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। आम वाहन चालकों से यातायात संकेतों और पुलिस के निर्देशों का पालन करने, जुलूस एवं रावण दहन स्थलों के आसपास अनावश्यक पार्किंग से बचने और अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाने की अपील की गई है।

अनुराग काछी ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया विद्यालय और जिले का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



तहसील क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंधी स्टेशन के कक्षा 12वीं के मेधावी छात्र अनुराग काछी ने अपनी वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ाया है। छात्र अनुराग काछी का चयन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की इन्सपायर -मानक योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए हुआ। उनकी नवाचारी परियोजना का प्रदर्शन 11 से 14 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय स्तर की इन्सपायर मानक प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता में किया गया। छात्र अनुराग काछी ने 'सेल्फ क्लीनिंग ट्रैक्टर टायर नामक प्रोटोटाइप तैयार किया है। इस मॉडल का मुख्य उद्देश्य वर्षा ऋतु में खेतों से सड़कों पर आने वाले ट्रैक्टरों के टायरों में चिपकी मिट्टी से उत्पन्न सड़क दुर्घटनाओं के खतरे को कम करना है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए छात्र ने ऐसा प्रोटोटाइप विकसित करने का प्रयास किया है, जो ट्रैक्टर के टायरों में चिपकी मिट्टी की सफाई करने की अवधारणा पर आधारित है। यह नवाचार कृषि कार्यों, सड़क सुरक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम से जुड़ी एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करता है।

अनुराग काछी की इस उपलब्धि का सफर जिला स्तर से प्रारंभ होकर प्रदेश स्तर तक पहुंचा और अंततः राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए उनका चयन हुआ। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में अपने मॉडल का प्रदर्शन करना छात्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के प्राचार्य गंगाराम राजपाल का प्रोत्साहन, मार्गदर्शक शिक्षक राजकमल गौटिया का मार्गदर्शन तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ, जिला कटनी के इन्सपायर मानक नोडल अधिकारी एवं जिला स्तरीय टीम का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। विद्यालय परिवार ने छात्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

पोड़ी खुर्द में मगरमच्छ दिखने से ग्रामीणों में दहशत, सावधानी बरतने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोड़ी खुर्द में मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। जानकारी के अनुसार, गांव में तरियां घाट और स्कूल घाट के बीच स्थित ग्राउंड के पीछे मगरमच्छ नजर आया, जिसके बाद स्थानीय लोगों में भय और चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों के बीच मगरमच्छ दिखाई देने की खबर फैलते ही क्षेत्र में सतर्कता का माहौल बन गया।लोगों को आशंका है कि यदि मगरमच्छ आबादी वाले क्षेत्र या घाट के आसपास मौजूद रहता है, तो किसी अप्रिय घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। विशेष रूप से घाट के आसपास आने-जाने वाले ग्रामीणों और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है।ग्रामीणों की मांग है कि संबंधित वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण करे और मगरमच्छ की मौजूदगी की पुष्टि करते हुए आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करे, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि की आशंका को टाला जा सके।

मगरमच्छ दिखाई देने वाले स्थान के आसपास अनावश्यक रूप से जाने से बचें। बच्चों को घाट और ग्राउंड के पीछे वाले क्षेत्र में अकेले न जाने दें। मगरमच्छ नजर आने पर उसके करीब जाने, उसे छेड़ने या पकड़ने का प्रयास न करें। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग अथवा स्थानीय प्रशासन को दें।

79.44 लाख रूपये की जमीन धोखाधड़ी पर अपराध पंजीबद्ध

कटनी। कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत भूमि क्रय-विक्रय से जुड़े धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला करीब 79 लाख 44 हजार रुपये मूल्य की कीमती जमीन से जुड़ा हुआ है। पुलिस के अनुसार फरियादी भारत भूषण कोहली निवासी अशोक कॉलोनी, राजीव गांधी वार्ड ने लिखित शिकायत दर्ज कराई।शिकायत के मुताबिक, ग्राम चाका स्थित खसरा नंबर 60/5 एवं 64/1/5 की कीमती जमीन के सौदे और स्वत्व को लेकर आरोपी जानकी प्रसाद साहू, निवासी बड़ेरा द्वारा षड्यंत्र रचकर छल-कपट और धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया गया। प्रार्थी के अनुसार 20 नवंबर 2024 के सुबह से लेकर 14 अक्टूबर 2026 के मध्य का यह मामला है। मामले की गंभीरता और 79 लाख रुपये से अधिक की बड़ी राशि/जमीन मूल्य को देखते हुए प्रकरण का पंजीयन स्वयं थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया द्वारा किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि संबंधित भूमि के दस्तावेजों, नामांतरण व वित्तीय लेन-देन के रिकॉर्ड की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

व्यर्थ न हो भोजन, जितनी जरूरत उतना ही लें

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्लीमनाबाद स्थित ग्रेस मिशन इंग्लिश मीडियम स्कूल मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे नें कहा कि हर साल 16 अक्टूबर का दिन पूरी दुनिया में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन की स्थापना के उपलक्ष्य में विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में बढ़ती भूख, कुपोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। भोजन हमारी सबसे बुनियादी आवश्यकता है। जैसा कि कहा जाता है—अन्न ही जीवन है। लेकिन यह बेहद दुखद और चिंता का विषय है कि आज भी हमारी इस खूबसूरत दुनिया में लाखों लोग हर रात भूखे पेट सोने को मजबूर हैं। एक तरफ हम हैं जो शादियों और पार्टियों में जरूरत से ज्यादा खाना थाली में छोड़ देते हैं और उसे कचरे में फेंक देते हैं, वहीं दूसरी तरफ कई मासूम बच्चों को एक वक्त की रोटी भी नसीब नहीं होती। भोजन को बर्बाद करना सिर्फ एक बर्बादी नहीं है, बल्कि यह उन संसाधनों (जैसे पानी, मेहनत और ऊर्जा) का भी अपमान है जिनसे वह भोजन हमारी थाली तक पहुँचता है।

हम सभी एक छोटा सा संकल्प लेकर बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। अपनी थाली में उतना ही भोजन लें, जितनी भूख हो—₹उतना ही लें थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में।₹ बचे हुए भोजन को फेंकने के बजाय किसी जरूरतमंद तक पहुँचाएं।घर के आसपास और स्कूल में पेड़-पौधे और सब्जियां उगाएं तथा खेती को बढ़ावा दें।साथ ही बच्चों को जंक फूड जैसे पैकेट वाले चिप्स बिस्किट मैगी कुरकुरे का सेवन से बचने का प्रयास करना चाहिए।

विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम के साथ स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 700 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया जहाँ विद्यार्थियों को स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत दवाईयों का भी वितरण किया गया। इस दौरान प्राचार्य राबिन, योगेश दुबे, श्वेता दुबे, गुरु ठाकुर सहित स्कूल स्टॉप व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पर्वों के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने डीजे संचालकों को नियमों के पालन की सख्त हिदायत दी है। पुलिस कंट्रोल रूम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्पष्ट किया गया कि निर्धारित समय-सीमा और ध्वनि स्तर के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में आयोजित बैठक में डीजे संचालकों को शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए जिम्मेदारी के साथ संचालन करने के निर्देश दिए गए।

एएसपी कमल मौर्य ने कहा कि त्योहारों के उत्साह के बीच आम नागरिकों की सुविधा और शांति व्यवस्था का ध्यान रखना भी जरूरी है। विद्यार्थियों, बुजुर्गों और मरीजों की परेशानी न बढ़ाएंबैठक में डीजे का ध्वनि स्तर निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने और तय समय-सीमा का पालन करने पर जोर दिया गया। संचालकों को समझाइश दी गई कि तेज आवाज से विद्यार्थियों की पढ़ाई, बुजुर्गों के स्वास्थ्य और बीमार व्यक्तियों को होने वाली परेशानी को नजरअंदाज न करें। डीजे का संचालन निर्धारित अनुमति एवं शर्तों के अनुसार ही किया जाए।

पुलिस ने बैठक में मौजूद सभी डीजे संचालकों से नियमों के पालन संबंधी घोषणा पत्र भरवाए। साथ ही चेतावनी दी कि निर्देशों की अनदेखी करने या ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने ग्राम पटरा में गौशाला एवं सेंटर का किया निरीक्षण

बायो रिसोर्स सेंटर में 16 प्रकार की जैविक खाद एवं प्राकृतिक दवाइयों का किया जा रहा उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



गो-वंश संरक्षण के साथ प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने की दिशा में ग्राम पठरा स्थित बजरंग गौशाला एवं बॉयो रिसोर्स सेंटर में गोवंश की देखभाल के साथ जैविक खाद, प्राकृतिक दवाइयों और जैविक खेती में उपयोगी संसाधनों के उत्पादनों का कलेक्टर आशीष तिवारी ने निरीक्षण किया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम कटनी जितेन्द्र पटेल मौजूद रहे।

मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद् श्री निर्भय सिंह ने बताया कि गौशाला में 37 गाय, 79 बैल और 11 बछड़े शामिल हैं। गोवंश के लिए आवास, चारा और पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। चारा भंडारण के लिए अबाही, पानी के लिए टैंक और खुले में विचरण के लिए जालीदार तार से घिरा बाड़ा बनाया गया है। पशुओं की देखभाल एवं जंगल में चराने के लिए दो व्यक्तियों की व्यवस्था भी की गई है।

गौशाला परिसर में कृषि विभाग के सहयोग से स्थापित बॉयो रिसोर्स सेंटर में अग्निअस्त्र, नीमास्त्र, दशपर्णी, जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत, वर्मी कम्पोस्ट, ब्रह्मास्त्र, मटका खाद सहित 16 प्रकार की जैविक खाद एवं प्राकृतिक दवाइयां तैयार की जा रही हैं। इन उत्पादों को आसपास के किसानों को कम कीमत पर उपलब्ध कराया जाता है, जिससे प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है।

केंद्र में वर्मी पिट के माध्यम से लगभग 7 से 8 क्विंटल केंचुआ खाद तैयार की जाती है। अजोला पिट में उत्पादित हरा चारा गोवंश के पोषण में उपयोग किया जाता है। वहीं, बायोडाइजेस्टर से उत्पादित गैस का उपयोग चूल्हा जलाने तथा पशुओं के लिए दलिया एवं पोषण आहार बनाने में किया जाता है। जीवामृत यूनिट में एक बार में 500 लीटर जीवामृत तैयार करने की क्षमता है।

इस प्रकार गौशाला गोवंश संरक्षण के साथ जैविक खेती के लिए उपयोगी संसाधन उपलब्ध कराने का कार्य भी कर रही है।

बेटियों का सम्मान एवं अधिकारों के प्रति सकारात्मक सोच का संदेश

जिले की सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में कन्या पूजन एवं भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण के लिए निरंतर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय गतिविधियों का समापन कन्या पूजन एवं कन्या भोज के साथ किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बेटियों के सम्मान, उनके अधिकारों और समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार के निर्देशन एवं सहायक संचालक सुश्री वनश्री कुर्वेती के संयोजन में जिले के सभी 1713 आंगनवाड़ी केंद्रों में कन्या पूजन एवं कन्या भोज आयोजित किए गए। इस दौरान बालिकाओं को तिलक लगाकर और चुनरी भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके लिए विशेष रूप से तैयार पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई।

बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक या दो बेटियों वाले परिवारों में परिवार नियोजन अपनाने वाले दंपत्तियों का सम्मान किया गया। उन्हें फूलमाला पहनाकर प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बेटियों के अभिभावक होने पर मिले सम्मान को बालिका सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले के सभी विकासखंडों में बाल विवाह की रोकथाम, बालिका अधिकारों के संरक्षण और बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें बालिका के जन्म पर परिजनों का सम्मान, कन्या छात्रावासों में रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता, विद्यालयों में पॉक्सो अधिनियम और चाइल्ड हेल्पलाइन के संबंध में प्रशिक्षण तथा कन्या पूजन जैसी गतिविधियां शामिल रहीं।

35 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 35 लाख की लागत से होने जा रहे सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सरला मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में वार्ड की कन्या शिवि के हाथों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर श्रीमती सूरी ने उपस्थित मातृशक्तियो को पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान महापौर ने वार्ड की अन्य गलियों का निरीक्षण कर क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं की स्थिति का जायजा भी लिया।

विकास कार्यों के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दो महत्वपूर्ण सी.सी. रोड निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। 27 लाख रुपये तथा 8 लाख रुपये की लागत से दो सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों से संबंधित मार्गों पर आवागमन अधिक सुविधाजनक होगा तथा वार्ड की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी।

सुविधाओं का विस्तार

महापौर श्रीमती सूरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवरात्रि का पावन पर्व मातृशक्ति की आराधना, सम्मान और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण करने का अवसर है। भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति को विशेष स्थान प्राप्त है। इसी भावना के साथ आज मातृशक्ति का स्वागत एवं अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर का विकास तभी सार्थक है, जब प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों और उनकी रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान हो। महापौर ने आगे कहा कि विकास केवल एक सड़क के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र की आवश्यकताओं को समझते हुए योजनाबद्ध तरीके से सुविधाओं का विस्तार करना जरूरी है।

क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सरला मिश्रा ने वार्ड में सी.सी. रोड निर्माण कार्यों के शुभारंभ पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सड़क जैसी मूलभूत सुविधा प्रत्येक नागरिक की आवश्यकता है। वार्ड में प्रस्तावित दोनों सड़क निर्माण कार्यों से स्थानीय रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की सड़क व्यवस्था बेहतर होगी।

खबर संक्षेप



शिविर में विद्युत समस्याओं का किया गया निराकरण

बड़वारा। दक्षिण संभाग के अंतर्गत वितरण केंद्र बड़वारा के ग्राम विलायत कला में शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन्म विश्वास शिविर के आयोजन मे अधीक्षण अभियंता डी के चौकीकर एवं कार्यपालन अभियंता श्रीमती शैलजा चौहान दक्षिण संभाग उपस्थिति हुए एवं उपभताओं की समस्याओ को सुना एवं मौके पर ही निराकृत किया गया। शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ सहायक अभियंता उपसंभाग ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा विरतण केंद्र प्रभारी भी उपस्थिति रहे।

जहरीले पदार्थ से दो की मौत, एक ने लगाई फांसी

कटनी। माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयागांव इमलिया में एक विवाहिता द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जाने का मामला सामने आया है। मृतिका संगीता यादव 30 वर्ष निवासी नयागांव इमलिया ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना थाने में दी गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है कि किन परिस्थितियों में मृतिका ने यह कदम उठाया। इसी तरह एन.के.जे. थाना क्षेत्र के ग्राम पडरिया में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर सेवन के कारण मौत हो गई। मृतक अमन पटेल 23 वर्ष निवासी रोशनगर हाल निवासी पडरिया ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मर्ग पंजीबद्ध कर लिया है। वहीं स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महगवां में एक महिला द्वारा कीटनाशक का सेवन करने से मौत का मामला सामने आया है। मृतिका उर्मिला बाई 48 वर्ष निवासी ग्राम महगवां ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मृतिका ने यह कदम क्यों उठाया।

नियमों के उल्लंघन करने पर 28 हजार का ठोंका जुर्माना

कटनी। नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों में की गई कार्यवाही के दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले वालों पर कुल 2 हजार 800 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार विगत दिवस की गई कार्यवाही के दौरान माधवनगर उपनगरीय क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर निर्माण सामग्री रखे पाए जाने पर 500 स्पये के जुर्माने के साथ ही नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर गंदगी पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों पर 2300 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

किसानों को दी संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह

कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में अनुशंसा से अधिक मात्रा में यूरिया उर्वरक का उठाव करने वाले किसानों से कृषि विभाग के मैदानी अमले ने संपर्क कर उन्हें यूरिया के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी और निर्धारित मात्रा में ही उर्वरक का उपयोग करने की समझाइश दी। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्रीमती प्रतिभा गौर ने बताया कि किसानों को फसल की आवश्यकता के अनुसार अनुशंसित मात्रा में ही यूरिया एवं अन्य उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए।

ढीमरखेड़ा बस स्टैण्ड में बने मंदिर की चमत्कारिक घटनाओं का जनचर्चाओं में होता हैं जिक्र

बड़ी माता का मंदिर जहाँ आज भी गूँजती है आदिशक्ति के घुँघरुओं की झनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा बस स्टैंड पर स्थित बड़ी माता मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र के श्रद्धालुओं के अपार श्रद्धा का स्थान है। बुजुर्गों के अनुसार आज जहाँ यह भव्य मंदिर खड़ा है, वहाँ सैकड़ों वर्ष पहले घने पेड़ों के झुरमुट के बीच एक छोटी-सी मढ़िया (मिट्टी और पत्थरों का छोटा सा ढांचा) हुआ करती थी। उस समय यह स्थान एकांत और वनाच्छादित था, जहाँ माता रानी एक छोटे से स्वरूप में विराजमान थीं। समय बदलता गया, पीढ़ियाँ गुजरती गईं, लेकिन माता के प्रति लोगों की आस्था कम नहीं हुई। आज ढीमरखेड़ा की पहचान इस मंदिर के बिना अधूरी मानी जाती है। यहाँ श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहता है।

बड़ी माता मंदिर के आसपास का वातावरण सिर्फ भक्तिमय ही नहीं, बल्कि कुछ ऐसे अलौकिक रहस्यों से भी घिरा है, जो यहाँ की हवाओं में श्रद्धा का रस घोलते हैं। लोक-मान्यताओं और सदियों से चली आ रही जनश्रुतियों के अनुसार, बड़ी माता इस पूरे क्षेत्र की रक्षक हैं। गाँव के बुजुर्ग बताते हैं कि आधी रात के सन्नाटे में माँ जगदम्बा स्वयं जागृत होती हैं। मान्यता है कि बड़ी माता रात के समय अपनी सखियों खेर माता और मरही माता से मिलने के लिए निकलती हैं। अतीत में कई बुजुर्गों और राहगीरों ने यह दावा किया है कि उन्होंने आधी रात को मंदिर परिसर और उसके आसपास मधुर घुँघरुओं की छम-छम सुनी है। इतना ही नहीं, कुछ पुरानी पीढ़ियों के लोगों ने अंधेरी रातों में हाथ में खप्पर (मिट्टी या धातु का पात्र) लिए एक ओजस्वी, ममतामयी और साक्षात देवी स्वरूपा महिला की धुंधली आकृति देखने की बात भी स्वीकार की है। इन दिव्य अनुभवों को स्थानीय लोग माता की सतत उपस्थिति और उनकी असीम महिमा का साक्षात प्रमाण मानते हैं।

मंदिर की महिमा केवल कहानियों तक सीमित नहीं है, बल्कि आज से करीब 20 से 25 वर्ष पूर्व मंदिर के जीर्णोद्धार और नवनिर्माण के दौरान दो ऐसी रोंगटे खड़े कर देने वाली घटनाएँ घटीं, जिन्हें आज भी ढीमरखेड़ा का बच्चा-बच्चा माता का साक्षात चमत्कार मानता है। बात उस समय की है जब मंदिर की छत की ढलाई का काम चल रहा था। काम कर रहे मजदूरों के हाथ से लोहे की एक लंबी रॉड अनियंत्रित होकर पास से गुजर रही हाई वोल्टेज बिजली की तारों से टकरा गई। कड़कड़ाहट की आवाज के साथ पूरे मंदिर परिसर के लोहे के ढांचे में जानलेवा करंट दौड़ गया। करंट का झटका इतना तगड़ा होने के बावजूद, वहाँ काम कर रहे तमाम मिस्त्री और मजदूर पूरी तरह सुरक्षित थे। किसी के शरीर पर एक खरोंच तक नहीं आई थी।

दूसरा घटना उस समय की है जब मंदिर के फर्श को बनाने कटनी शहर से एक ट्रक में मार्बल (संगमरमर) की भारी-भरकम स्लैब्स मंगवाई गई थीं। जब ट्रक मंदिर के सामने खड़ा हुआ और मजदूर मार्बल उतारने लगे, तभी अचानक जमीन धंसने के कारण ट्रक का एक भारी पहिया गड्ढे में चला गया। संतुलन बिगड़ते ही ट्रक पर लदा टनों वजनी मार्बल सीधे नीचे काम कर रहे मजदूरों की तरफ गिर गया। एक मजदूर उस भारी मार्बल के मलबे के नीचे पूरी तरह दब गया। जब तक लोग उसे बाहर निकालते, तब तक अनर्थ हो चुका था। मजदूर के मुँह से खून की धार बहने लगी थी और वह पूरी तरह बेसुध (बेहोश) हो चुका था। उसकी सांसें थमने की कगार पर थीं। डॉक्टरों को बुलाने का समय नहीं था। ऐसे में, निराश होने के बजाय स्थानीय ग्रामीणों और साथी मजदूरों ने उस लहूलुहान मजदूर को उठाकर माता के ठीक दरबार के सामने लिटा दिया। सामूहिक प्रार्थना के बाद बेसुध मजदूर ने एक गहरी सांस ली, अपनी आँखें खोलीं और ऐसे उठकर बैठ गया जैसे वह सिर्फ सो रहा हो। उसे कटनी के बड़े डॉक्टरों के पास ले जाया गया, जहाँ गहन जाँच के बाद डॉक्टरों ने कहा कि कोई अंदरूनी चोट नहीं है यह पूरी तरह स्वस्थ है।

शराब माफियाओं के खिलाफ जनाक्रोश ज्ञापन सौंप दी विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



बड़वारा क्षेत्र में अवैध शराब का काला कारोबार अब आम जनता के लिए नासूर बन चुका है। स्थानीय प्रशासन की एवम आबकारी विभाग की सुस्ती तथा संरक्षण से बेखौफ हुए शराब माफियाओं के खिलाफ ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा है। पूर्व में शेर चौक व मिशन चौक पर हुए उग्र धरना-प्रदर्शनी, कलेक्टर जनसुनवाई और एसपी/तहसील स्तर पर दी गई अनगिनत शिकायतों के फाइलों में दब जाने के बाद, अब जनता ने आर-पार की लड़ाई का शंखनाद कर दिया है।

बड़वारा के नागरिकों ने नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी को 'संयुक्त रूप से अंतिम स्मरण पत्र' सौंपते हुए प्रशासन को शराब की अवैध विक्री व अवैध पैकारियों को बंद करवाये जाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। जानकारी देते हुए बताया गया कि बड़वारा थाना और तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुख्य मार्गों, ढाबों, किराना दुकानों और ग्रामीण अंचलों में धड़ल्ले से अवैध शराब की पैकारियां चलाई जा रही हैं। शराब माफियाओं के हौसले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं कार्रवाई नही होने से इनके हिसले इस कदर बढ़ गए कि पवित्र त्योहारों और नवरात्रि के दौरान भी इन अवैध ठिकानों पर शराब की बिक्री हो रही हैं। इससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँच रही है और क्षेत्र का माहौल लगातार बिगड़ रहा है। अवैध शराब की खुली बिक्री के कारण क्षेत्र के चौराहों और रास्तों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। स्कूल-कॉलेज आने-जाने वाली बेटियों और महिलाओं का निकलना दूभर हो गया है। शराब के नशे में चूर शराबी आए दिन घरों में घरेलू हिंसा और मारपीट की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे आम जनता का जीना मुहाल हो गया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि आगामी 7 दिनों के भीतर चिन्हित ढाबों और अवैध शराब पैकारियों पर छापेमारी कर सख्त कार्यवाही नहीं की जाती है, तो समस्त ग्रामीण बड़वारा तहसील और थाना परिसर के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।

प्रतिमाओं के दर्शनार्थ देर रात तक चहल पहल, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

माता के दरबार में भक्तों की उमड़ रही भीड़ मंदिरों एवं पंडालों में हो रहे धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



शारदेय नवरात्रि पर्व पर बड़वारा नगर एवम समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। ग्राम भगनवारा में ग्राम सरपंच श्रीमती मुन्नी बाई असाटी के मार्गदर्शन में समस्त ग्राम वासियों के सौजन्य से माता रानी के पंडाल में तथा मां भगवती की प्रतिमा में विशेष साज सज्जा की गई है। मां अम्बे रानी की भक्ति में तन मन धन से डूबे हैं ग्राम वासी। प्रतिदिन सुबह शाम आरती का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को रात्रि में महाआरती एवम देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मलित हुए। प्रतिदिन श्रद्धा भक्ति से सार्वजनिक रूप से भक्त जनों द्वारा माता रानी को महा प्रसाद के रूप में भोग अर्पित किया। भोग की प्रसाद सभी श्रद्धालु जनों को वितरित की जाती है।

अजय असाटी ने बताया कि 19 अक्टूबर 2026 को कन्या भोज एवम विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमे सभी श्रद्धालु जनों से भण्डारे की प्रसाद ग्रहण कर मां भगवती की कृपा प्राप्त कर अपने जीवन को कृतार्थ करने का आग्रह किया गया है। बड़वारा नगर में भी मंदिरों में एवम जगतजननी मां जगदम्बा की प्रतिमाओं के दर्शन पूजन करने के लिए अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है, जहां मां के दर्शन के लिए लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। ढोल-नगाड़ों की थाप, घंटियों की गूंज और र्जय माता दी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया है। प्रातःकाल मंगला आरती से लेकर रात्रि की महाआरती तक हर आयु वर्ग के श्रद्धालु श्रद्धा भाव के साथ माता के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह नजर आ रहा है, जो कई किलोमीटर की पैदल यात्रा कर या लाइनों में घंटों प्रतीक्षा करके अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। माता रानी के भव्य श्रृंगार और अलौकिक स्वरूप के दर्शन पाकर सभी का मन धन्य हो रहा है।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों और स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा व सुविधा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है. सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात है ताकि किसी को भी असुविधा न हो।नवरात्रि के इन नौ दिनों में माता रानी की आराधना से संपूर्ण क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का संदेश प्रसारित हो रहा है।

आवास योजना के हितग्राहियों को लाभ दिलाने निर्देश



प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने एवं ऋण संबंधी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम के एम.आई.सी. हॉल में बैंकों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने तथा ऋण वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि योजना के अंतर्गत ऐसे पात्र हितग्राही, जिनकी वार्षिक आय अधिकतम 9 लाख रुपये है तथा जिन्होंने आवास निर्माण के लिए बैंक से ऋण प्राप्त किया है, वे ब्याज सब्सिडी का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए ऋण की अधिकतम सीमा 25 लाख रुपये तथा आवास की लागत अधिकतम 35 लाख रुपये निर्धारित है। पात्र हितग्राहियों को योजना के प्रावधानों के अनुसार अधिकतम 1.80 लाख रुपये तक की ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाएगी। निगमायुक्त के निर्देशानुसार पात्र हितग्राहियों तक योजना की जानकारी पहुंचाने तथा उन्हें लाभ दिलाने के लिए बैंक स्तर पर आवश्यक समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। जिन हितग्राहियों ने आवास निर्माण के लिए बैंकों से ऋण प्राप्त किया है, उन्हें संबंधित बैंक से संपर्क कर पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत करने एवं ब्याज सब्सिडी का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए।

एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ढीमरखेड़ा क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल 'जय माँ विरासन देवी मंदिर', कचनारी पाली (सिलौंडी) में 18 अक्टूबर को विशाल भंडारे, भव्य देवी जागरण एवं जीवंत झांकियों का आयोजन किया जाएगा। शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

आयोजन समिति के अनुसार, रविवार को प्रातः 10:00 बजे से विशाल भंडारा प्रारंभ होगा, जो दिनभर अनवरत चलेगा। इसके उपरांत सायं 7:30 बजे से भव्य देवी जागरण और मनमोहक झांकियों का मंचन होगा। जागरण में जबलपुर के ख्यातिप्राप्त भजन गायक मनीष अग्रवाल प्रस्तुति देंगे।

मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और सुरक्षा बंदोबस्त परखे। एसपी ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।उन्होंने मंदिर समिति से धार्मिक मर्यादा बनाए रखने का आग्रह किया और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के साथ सीसीटीवी कैमरों से लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

मंदिर परिसर का जायजा लेने के उपरांत एसपी ने पुलिस चौकी सिलौंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने चौकी के अभिलेखों एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए उपस्थित स्टाफ को निष्ठा, अनुशासन और तत्परता के साथ ड्यूटी करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी, चौकी प्रभारी सिलौड़ी अनिल पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

निगमायुक्त ने अवैध निर्माण पर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, समय-सीमा में पूर्ण हों निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शुक्रवार सुबह राम मनोहर लोहिया वार्ड के रचना नगर एवं अहमद नगर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता मानकों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे हों।

रचना नगर में जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए गली नंबर -1 से गली नंबर-4 के चौक तक लगभग 35 लाख रुपये की लागत से नाला निर्माण तथा काली माता मंदिर के समीप 18 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण में पानी के बहाव और उचित ढाल का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि वर्षा जल एवं अपशिष्ट पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य केवल औपचारिकता तक सीमित न रहें, बल्कि निर्धारित मानकों के अनुरूप टिकाऊ और उपयोगी हों।

आंगनबाड़ी भवन का निर्माण

अहमद नगर में बच्चों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की सुविधा के लिए प्रस्तावित आंगनबाड़ी भवन के निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त ने निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन निर्माण में मजबूती एवं सुरक्षा के मानकों का पालन सुनिश्चित करने के साथ वर्षा जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था विकसित करने पर भी जोर दिया। क्षेत्र में स्वीकृत अन्य विकास कार्यों को भी बिना अनावश्यक विलंब के प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अहमद नगर के प्रवेश मार्ग पर बिना सक्षम अनुमति एवं स्वीकृत नक्शे के दो दुकानों का अवैध निर्माण पाए जाने पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित क्षेत्रीय उपयंत्री को नोटिस जारी करने तथा सहायक यंत्री को संबंधित निर्माणकर्ता के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने रचना नगर एवं अहमद नगर के विभिन्न मार्गों का भी जायजा लिया।

सड़कें विकास का द्वार हैं, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता

80 लाख के विकास कार्यों की सौगात, बुनियादी सुविधाओं से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर विकास एवं जनकल्याण के संकल्प को नगर पालिक निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की मौजूदगी में राम मनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 5 स्थित अहमद नगर में सड़क निर्माण एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हुआ। लगभग 66 लाख 47 हजार रुपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण तथा लगभग 13 लाख रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया जाएगा। इन दोनों विकास कार्यों पर लगभग 80 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे जिससे क्षेत्र की सड़क सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ ही बच्चों के लिए आंगनबाड़ी संबंधी सुविधाओं का विस्तार भी होगा।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि सड़कें विकास का द्वार होती हैं। सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन और दैनिक आवश्यकताओं से जुड़ी होती हैं। बच्चों को स्कूल जाना हो, मरीजों को अस्पताल पहुंचना हो या आम नागरिकों को अपने कार्यस्थल एवं अन्य जरूरी स्थानों तक पहुंचना हो, सभी के लिए बेहतर सड़कें आवश्यक हैं। अच्छी सड़कें आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को भी गति प्रदान करती हैं।

इसी उद्देश्य से नगर निगम द्वारा वार्डों की आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क निर्माण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

महापौर ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने वार्ड में हो रहे विकास कार्यों के प्रति जागरूक रहें तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान दें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होने चाहिए, ताकि नागरिकों को लंबे समय तक उनका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की उपयोगिता तभी सार्थक होगी, जब उनका निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हों।

सी.सी. रोड निर्माण

राम मनोहर लोहिया वार्ड के अहमद नगर मुख्य मार्ग में लगभग 66 लाख 47 हजार रुपये की लागत से सी.सी. रोड का निर्माण कराया जाएगा। यह कार्य क्षेत्र की सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने तथा नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा साथ ही सड़क निर्माण से स्थानीय रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

वही वार्ड में लगभग 13 लाख रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण भी कराया जाएगा। आंगनबाड़ी भवन बच्चों की देखभाल, पोषण एवं बाल विकास से संबंधित गतिविधियों के संचालन के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भवन निर्माण से स्थानीय स्तर पर आंगनबाड़ी संबंधी गतिविधियों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।



बालिकाओं ने किया जनपद एवं थाने का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर लाडली लक्ष्मी बालिकाओं ने जनपद पंचायत एवं थाने का शैक्षणिक भ्रमण किया ।अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मंगलवार को लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत बालिकाओं को शासकीय कार्यप्रणाली और उनके अधिकारों से अवगत कराने हेतु शासकीय कार्यालयों का भ्रमण कराया गया।भ्रमण कार्यक्रम के प्रथम चरण में बालिकाओं ने जनपद पंचायत बड़वारा का दौरा किया, जहाँ जनपद सीईओ सुश्री प्रभा टेकाम द्वारा बालिकाओं को करियर मार्गदर्शन एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।इसके पश्चात बालिकाओं को थाना बड़वारा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक सुयश पांडे ने बालिकाओं को करियर के विविध क्षेत्रों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनके हक-अधिकारों, साइबर सुरक्षा तथा अपराधों से सुरक्षित रहने के महत्वपूर्ण उपाय बताए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती रेशमा परवीन, सुपरवाइजर अर्पिता तिवारी, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से मिश्रा सर एवं शिवानी यादव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती काशी विश्वकर्मा की उपस्थिति रही।

उपकाशी हटा में आकर्षक साज-सज्जा के साथ सजाए गए पंडाल



बालाजी मंदिर में महाकाली विराजी



तीन बत्ती तिगड्डा के पास विराजी माता महाकाली



चांदी की चौक पर विराजी मां दुर्गा



बडा बाजार में सजा शेरावाली का दरबार



रतन बजरिया में बैठी दुर्गा महारानी

हटा। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित की गई है। जगह-जगह आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं, जहां मां दुर्गा के दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे है। सुबह से शाम तक देवी दरबारों में धार्मिक माहौल बना हुआ है। पंडालों में की गई साज-सज्जा और मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में नवरात्र उत्सव समितियों द्वारा मां दुर्गा की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालु मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नवरात्र के चलते शहर में भक्ति का माहौल है और देवी पंडालों में धार्मिक गतिविधियां जारी है।

खबर संक्षेप

अमानगंज ज्वाला माता मंदिर में मां जगत जननी की महाआरती, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

अमानगंज। नगर के प्रसिद्ध ज्वाला माता मंदिर में मां जगत जननी की महाआरती श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई। आरती के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हाथों में दीपक, मुख पर मां ज्वाला माता के जयकारे और भक्तिमय वातावरण ने पूरे परिसर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के लिए अमानगंज थाना प्रभारी हेमंत नायक पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। मां ज्वाला माता के जयकारों और सामूहिक आरती के बीच पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय नजर आया।

शराबी पति ने पत्नी से की मारपीट और दी जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

अमानगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम जसवंतपुरा में एक शराबी पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम उडला थाना सुनवानी निवासी 42 वर्षीय बिनीता यादव की दूसरी शादी वर्ष 2022 में जगदीश यादव के साथ हुई थी। पति के शराब पीने की लत और लगातार विवाद के चलते बिनीता पिछले करीब दो वर्षों से अपने मायके ग्राम जसवंतपुरा में रह रही थीं। घटना 15 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 06 बजे की है। आरोपी पति जगदीश, जो पिछले दो महीने से मायके में ही रह रहा था, उसने अचानक कहा कि उसे अब साथ नहीं रहना है और वह घर लौट रहा है। जब पत्नी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने गंदी-गंदी गालियां दीं और लात-घूंसों से मारपीट करते हुए उसे जमीन पर गिरा दिया। इस मारपीट में फरियादिया के दाएं हाथ की कलाई, कोंचा और कमर के पीछे गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसी अवधेश गर्ग और बहन माधवी यादव ने बीच-बचाव किया। जाते समय आरोपी ने पत्नी को जान से खत्म करने की धमकी भी दी। रात अधिक होने के कारण घटना के दिन रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी थी। अगले दिन पीड़िता ने अपने बहनोई जुगल किशोर यादव के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 (बी), 115(2), और 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है।

कलेक्टर ने बनवार में किया औचक निरीक्षण

अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी सरपंच-सचिव को दिए सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

क्षेत्र में शासकीय व्यवस्थाओं और जनसुविधाओं का जायजा लेने के लिए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बनवार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी, छात्रावास और बाजार क्षेत्र में कई गंभीर कमियां सामने आईं, जिस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही दिशा-निर्देश जारी किए।

बाजार ग्राउंड में गंदगी देख भड़के कलेक्टर

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जब बनवार के मुख्य बाजार ग्राउंड का रुख किया, तो वहां फैली गंदगी और अव्यवस्था को देखकर सख्त आपत्ति जताई। उन्होंने मौके पर ही मौजूद सरपंच और सचिव को तत्काल प्रभाव से पूरे बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए और भविष्य में स्वच्छता बनाए रखने की हिदायत दी।

स्वास्थ्य केंद्रः दवाओं की कमी पर लगाई फटकार

चिकित्सा केंद्र का निरीक्षण करते हुए बिजली गुल होने पर इनवर्टर बंद पाया गया। जांच में पता चला कि इनवर्टर खराब पड़ा हुआ है। इसके साथ ही अस्पताल में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध न होने की शिकायत भी मिली। कलेक्टर ने तुरंत संबंधित विभागीय अधिकारी को फोन लगाकर तत्काल प्रभाव से इनवर्टर दुरुस्त कराने व आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए।

आंगनवाड़ी में 173 बच्चों पर महज 1 रसोइया

आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पाया कि वहां बिजली का कनेक्शन नहीं है, जिस पर उन्होंने तत्काल विद्युत व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। वहीं, भोजन पकाने वाले स्थान पर एग्जॉस्ट फैन लगाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को बताया कि केंद्र में 173 बच्चे दर्ज हैं, लेकिन भोजन पकाने के लिए केवल एक ही रसोइया कार्यरत है। इस पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने तुरंत जिला परियोजना समन्वयक (DPC) को निर्देशित किया कि दर्ज छात्र संख्या के अनुपात में यहां कम से कम 4 रसोइया होने चाहिए। उन्होंने तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त रसोइयों की नियुक्ति करने के आदेश जारी किए।

स्टॉप डैम और छात्रावास का भी लिया जायजा

इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने गांव के स्टॉप डैम का निरीक्षण किया और छात्रावास पहुंचकर वहां की मध्याह्न भोजन व्यवस्था तथा स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से सीधे बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं का फीडबैक भी लिया। साथ ही, आयुर्वेदिक अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

सिंग्रामपुर में खेरमाई माता दरबार में चढ़ाई गई 251 फुट की चुनरी



लगातार 13 वर्षों से श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली जा रही चुनरी यात्रा, नवरात्रि में उमड़ रहा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंग्रामपुर

शारदीय नवरात्रि पर्व के चलते सिंग्रामपुर ग्राम स्थित प्रसिद्ध महामाई खेरमाई माता दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही भक्त माता के दर्शन करने और जल चढ़ाने के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं, वहीं संध्याकालीन महाआरती में भी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखने को मिल रही है। इसी क्रम में श्रद्धालुओं द्वारा प्राचीन बड़ी खेरमाई माता मंदिर में 251 फुट लंबी चुनरी चढ़ाकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

चुनरी यात्रा रानी दुर्गावती तिराहा से प्रारंभ होकर पोंडी तिराहा और मुख्य बाजार से होते हुए बड़ी खेरमाई माता मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान और भक्तिमय वातावरण के बीच यात्रा का भव्य समापन हुआ। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल रहा। उल्लेखनीय है कि चुनरी यात्रा में श्रद्धालु लगातार 13 वर्षों से शामिल होकर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। ग्रामवासियों राजू राय, दीपक यादव और प्रभु पटेल ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के दौरान प्रतिवर्ष महामाई खेरमाई माता के दर्शन के लिए सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है। सिंग्रामपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और दूर-दराज से भी श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचते हैं।

मान्यता है कि खेरमाई माता के दरबार में सच्चे मन से आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और माता अपने भक्तों के जीवन में सुख-समृद्धि प्रदान करती हैं। इसी अटूट आस्था और विश्वास के चलते नवरात्रि के दिनों में मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ बनी रहती है। नवरात्रि के अवसर पर संध्याकालीन महाआरती का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने शामिल होकर माता की आराधना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

पीडब्ल्यूडी मैदान में पांच दिवसीय श्रीरामलीला उत्सव का शुभारंभ



तेंदूखेड़ा। नगर के पीडब्ल्यूडी मैदान में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्रीरामलीला उत्सव का शुभारंभ गुरुवार की रात 9 बजे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी के भाई सतेंद्र सिंह लोधी ने किया। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे। श्रीरामलीला उत्सव के प्रथम दिन बाहर से आए कलाकारों ने शंकर विवाह, श्रीराम जन्म, ताड़का वध और अहिल्या उद्धार जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का आकर्षक एवं जीवंत मंचन किया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों को देखकर श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को धनुष यज्ञ, श्रीराम विवाह, वनगमन और केवट प्रसंग का मंचन किया गया। पांच दिवसीय यह आयोजन 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रयासों से संभव हुआ है, जिससे नगरवासियों को रामायण के प्रसंगों को मंच पर देखने का अवसर मिल रहा है। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं सहित नगर एवं आसपास के ग्रामों के लोग मौजूद रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल सांसद प्रतिनिधि ठाकुर मूरत सिह राजकुमार ठाकुर, गोविंद यादव शुभम जैन ने नगरवासियों और ग्रामीणों से श्रीरामलीला उत्सव में शामिल होकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन का लाभ लेने की अपील की है।

भारतीय जैन मिलन का क्षेत्रीय महिला सम्मेलन संपन्न

महिला सशक्तिकरण और जैन संस्कृति के संरक्षण पर दिया जोर, प्रतिभागियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक-10 का क्षेत्रीय महिला सम्मेलन मंगलवार, 13 अक्टूबर को विद्या वाटिका गार्डन, दमोह में आयोजित किया गया। सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सहभागिता और जैन संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों सहित विभिन्न शाखाओं की वीरांगना बहनों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के समारोह गौरव राष्ट्रीय महामंत्री (प्रशासन) अतिवीर अजय जैन, सहारनपुर और राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) अतिवीर महेंद्र जैन एडवोकेट, ग्वालियर रहे। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतिवीर कमलेन्द्र जैन एडवोकेट, सागर तथा अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरांगना कविता ऋषभ जैन ने की। सम्मेलन का शुभारंभ शोभा जैन एवं अरविंद जैन इटोरिया द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। राजुल जैन मलैया ने मंच उद्घाटन किया। इसके बाद अतिथियों ने चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। जैन मिलन महिला नेमीनगर शाखा दमोह ने महावीर प्रार्थना प्रस्तुत की, जबकि कु. आरुषि जैन ने मंगलाचरण की आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन वीरांगना भावना जैन और वीरांगना रोशनी जैन ने किया।

महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

क्षेत्रीय अध्यक्ष कविता ऋषभ जैन ने स्वागत भाषण में क्षेत्र क्रमांक-10 की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। वीरांगना प्राची जैन ने परिवार एवं समाज में महिलाओं की भूमिका और योगदान पर प्रकाश डालते हुए महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता बताई। वीरांगना शोभा जैन ने दमोह में भारतीय जैन मिलन की महिला शाखाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

राष्ट्रीय महामंत्री अजय जैन ने बताया कि भारतीय जैन मिलन इस वर्ष को 'जैन सम्राट गौरव वर्ष' के रूप में मना रहा है। उन्होंने प्राचीन जैन संस्कृति पर गौरव करने का आह्वान किया। साथ ही जनगणना में धर्म के कॉलम में जैन धर्म का उल्लेख करने और भाषा के कॉलम में अपनी भाषा के साथ प्राकृत भाषा को द्वितीय भाषा के रूप में दर्ज कराने की अपील की।

राष्ट्रीय महामंत्री महेंद्र जैन ने महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और क्षेत्र क्रमांक-10 के कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि कमलेन्द्र जैन ने क्षेत्र की गतिविधियों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी आवश्यक है। महिलाएं परिवार में संस्कारों के संवर्धन के साथ आर्थिक मजबूती, समाज और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

फाउंडेशन ट्रस्टी बनने की घोषणा

सम्मेलन के दौरान शोभा जैन एवं अरविंद जैन इटोरिया ने भारतीय जैन मिलन के फाउंडेशन ट्रस्टी बनने की घोषणा की। कार्यक्रम में तीन बार लकी ड्रॉ निकाला गया और प्रत्येक ड्रॉ के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं वीरांगनाओं को पुरस्कृत किया गया।

सम्मेलन में क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीर संजय जैन 'शक्कर', क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलेश जैन चौधरी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मंजू जैन सतभैया, क्षेत्रीय मंत्री जिनेश जैन बहरोल, क्षेत्रीय कोऑर्डिनेटर ऋषभ जैन, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रमोद जैन भायजी, महिला चेयरपर्सन ममता प्रमोद जैन सहित अनेक राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सागर, दमोह, गढ़ाकोटा, बांसा, पटेरा, पथरिया और हटा सहित विभिन्न स्थानों की महिला शाखाओं की प्रतिनिधियों एवं जैन समाज की संस्थाओं की महिला पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। अंत में आतिथ्य शाखा अध्यक्ष वीरांगना डॉली जैन ने आभार व्यक्त किया। अरिहंत जय-जय की स्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद आतिथ्य शाखा की ओर से वात्सल्य भोज आयोजित किया गया।

सादपुर में दूसरी बार तोड़ी गई बाबा साहेब की प्रतिमा, ग्रामीणों में आक्रोश

तीन दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी और एक सप्ताह में अष्टधातु की प्रतिमा स्थापित करने की मांग, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फुटेराकलां

दमोह जिले के बटियागढ़ विकासखंड के ग्राम सादपुर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। एक ही स्थान पर दूसरी बार प्रतिमा को नुकसान पहुंचाए जाने से ग्रामीणों और बाबा साहेब के अनुयायियों में आक्रोश है। लोगों ने तीन दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी और एक सप्ताह के भीतर अष्टधातु की नई प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

सुबह ग्रामीण ने देखी क्षतिग्रस्त प्रतिमा

जानकारी के अनुसार, बीती रात अज्ञात लोगों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। गुरुवार सुबह ग्रामीण गणेश अहिरवार टहलने निकले तो उनकी नजर प्रतिमा पर पड़ी। प्रतिमा के नाक और कान के हिस्से टूटे हुए थे। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और अनुयायी मौके पर पहुंच गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्रतिमा को वस्त्र से ढककर सुरक्षित किया।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण

सूचना पर चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम मिश्रा, एसडीओपी केपी सिंह और तहसीलदार योगेंद्र चौधरी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से जानकारी ली।



स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रतिमा स्थल के पास शराब की खाली बोतलें भी मिलीं। मौके से संबंधित सामग्री जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, घटना में शामिल लोगों की पहचान जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। घटना के विरोध में ग्रामीणों और बाबा साहेब के अनुयायियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें तीन दिन के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करने तथा एक सप्ताह में प्रतिमा स्थल पर अष्टधातु की नई प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों ने चेतावनी दी कि निर्धारित समयसीमा में मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक समानता और संविधान के प्रमुख प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा को बार-बार नुकसान पहुंचाए जाने से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

उन्होंने प्रतिमा स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान गोवर्धन राज, आसाराम चौधरी, दिनेश चौधरी, डालचंद चौधरी, गणेश अहिरवार सहित अनेक ग्रामीण और बाबा साहेब के अनुयायी उपस्थित रहे। फिलहाल ग्रामीणों की मांगों और पुलिस जांच पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

जिला स्तरीय युवा उत्सव दमोह में 24 अक्टूबर को

दमोह। मध्यप्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार 'युवा शक्ति से जनभागीदारी' के उद्देश्य से दमोह जिले में जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2026-27 का आयोजन 24 अक्टूबर 2026, शनिवार को प्रातः 9 बजे से मानस पीजी कॉलेज दमोह में किया जाएगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि की अध्यक्षता में कार्यालय पुलिस अधीक्षक दमोह में जिला स्तरीय युवा उत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन से संबंधित आवश्यक निर्णय लिए गए। जिला स्तरीय युवा उत्सव के सांस्कृतिक ट्रैक में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' थीम के अंतर्गत पांच विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें समूह लोकनृत्य, समूह लोकगायन, चित्रकला, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा प्रतिभागियों को अपनी कला, रचनात्मकता एवं प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

तेंदूखेड़ा। अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, में शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कार्यालय स्टाफ ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर डॉ. दीप्ति नामदेव ने महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि छात्र जीवन में साफ-सफाई और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना बेहद आवश्यक है। उन्होंने संयमित एवं नियमित दिनचर्या अपनाने के साथ संतुलित खान-पान पर विशेष ध्यान देने की बात कही। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरुणेंद्र कुमार पटेल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को समय-समय पर आयोजित होने वाले ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का लाभ उठाना चाहिए। नियमित स्वास्थ्य जांच से शरीर में होने वाली समस्याओं का समय रहते पता लगाया जा सकता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. संध्या स्थापक एवं श्रीमती सुमन अहिरवार ने शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन डॉ. सुनील गिरी ने किया। कार्यक्रम के नोडल प्रभारी डॉ. एनके निकोसे ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले चिकित्सा स्टाफ, महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कार्यालय कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

शारदेय नवरात्रि : सप्तम दिवस

अट्टहास की अभिव्यंजना का व्यक्त स्वरूप हैं मां कालरात्रि

दमोह। मां कालरात्रि शक्ति, साहस और अज्ञान के विनाश की प्रतीक हैं। उनका आध्यात्मिक स्वरूप साधक को अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान और भय से निर्भयता की ओर प्रेरित करता है। श्री भगवान वेदांताचार्य के चिंतन के अनुसार, मां कालरात्रि का प्रचंड अट्टहास अज्ञानरूपी अंधकार के विनाश तथा जीवन में आशा और आनंद के संचार का प्रतीक है।मां कालरात्रि की सवारी गर्दभ अज्ञान का प्रतीक मानी गई है, जबकि उनके हाथों में धारण खड्ग अंधकार और अधर्म के संहार का संदेश देता है। आकाश में बिजली की चमक जिस प्रकार क्षणभर में वातावरण को आलोकित कर देती है, उसी प्रकार मां की शक्ति दुख और निराशा से घिरे मन में नई चेतना का संचार करती है।भगवान शिव के डमरू से प्रकट चौदह महेश्वर सूत्रों की परंपरा भी नाद, शब्द और ज्ञान के गहरे संबंध को रेखांकित करती है। महर्षि पाणिनि ने इन्हीं सूत्रों को संस्कृत व्याकरण की रचना का आधार बनाया और अष्टाध्यायी जैसे महान ग्रंथ की रचना की। यह ज्ञान परंपरा बताती है कि नाद से शब्द, शब्द से ज्ञान और ज्ञान से अज्ञान पर विजय का मार्ग प्रशस्त होता है।पौराणिक आख्यानों में रक्तबीज के वध का प्रसंग मां की शक्ति का विशिष्ट उदाहरण है। रक्तबीज के रक्त की प्रत्येक बूंद से नया असुर उत्पन्न होने के वरदान के कारण देवी ने उसके रक्त को धरती पर गिरने से रोककर उसका संहार किया। यह प्रसंग संदेश देता है कि बुराई को समाप्त करने के लिए उसके मूल कारणों का नाश करना आवश्यक है।मां कालरात्रि का विनाशकारी स्वरूप अज्ञान, भय और अधर्म के अंत के लिए है। उनकी आराधना साधक को आत्मबोध, धैर्य और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। नवरात्रि में मां के सिद्धांतों को आत्मसात कर व्यक्ति अपनी दुर्बलताओं को दूर करने और समाज के नव-निर्माण में योगदान देने का संकल्प ले सकता है। यही मां कालरात्रि की आराधना का वास्तविक संदेश है।



श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम दमोह

सर्पदंश से 10 वर्षीय मासूम की मौत

दमोह। तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अर्थखेड़ा निवासी 10 वर्षीय दीपेश पिता भूपत पटेल की सर्पदंश से मौत हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए ले जा रहे थे, इसी दौरान रास्ते में उसकी हालत बिगड़ गई। सरपंच प्रतिनिधि शिवराज सिंह लोधी उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी डॉक्टर कौशिकी सिंह राजपूत ने जांच और ईसीजी के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

दमोह। सागर-जबलपुर मार्ग पर कृष्णा हाइट्स कॉलोनी के पास अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान महेंद्र उर्फ पिंटू पटेल पिता चतुर्भुज पटेल, निवासी बजरिया वार्ड-5, दमोह के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर सागर नाका चौकी से प्रधान आरक्षक सत्येंद्र दुबे और आरक्षक राजकुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अज्ञात ट्रक और चालक की तलाश में जुटी है।

पति ने फांसी लगाकर दी जान, पत्नी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

बंद कमरे में फंदे पर लटका मिला पति का शव, फर्श पर लहूलुहान पड़ी थी पत्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रनेह

हटा अनुभाग के रनेह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तालगांव में एक नवविवाहित दंपती से जुड़ा गंभीर घटनाक्रम सामने आया है। घर के बंद कमरे में पति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल अवस्था में फर्श पर पड़ी थी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर दोनों को बाहर निकाला। पति की मौत हो गई, वहीं गंभीर रूप से घायल पत्नी को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटनाक्रम किन परिस्थितियों में हुआ, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है।

सुबह दरवाजा नहीं खुलने पर हुआ घटनाक्रम का खुलासा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तालगांव निवासी सुरेश अहिरवार (27 वर्ष), पिता बद्दी अहिरवार, अपने घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। कमरे में उसकी





पत्नी अंजू अहिरवार (25 वर्ष) भी गंभीर रूप से घायल और अचेत अवस्था में फर्श पर पड़ी थी।

सुबह करीब 7 बजे तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर सुरेश के पिता बद्दी अहिरवार ने खिड़की से अंदर झांककर देखा। इस दौरान उन्हें सुरेश फांसी के फंदे पर लटका दिखाई दिया, जबकि बहू अंजू अचेत अवस्था में पड़ी थी। इसके बाद उन्होंने तत्काल ग्राम कोटवार को सूचना दी और डायल-112 पर भी जानकारी दी।

पुलिस ने दरवाजा तोड़कर महिला को निकाला

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नीतीश जैन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़ा और दोनों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल अंजू को तत्काल हटा अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जिला अस्पताल में डिप्टी डॉक्टर कौशिक सिंह राजपूत एवं उनकी टीम ने महिला का उपचार किया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है।

चार माह पहले हुई थी शादी

बताया जाता है कि सुरेश अहिरवार की शादी करीब चार माह पहले जबलपुर के गांधी वार्ड, बूढ़ा क्षेत्र निवासी अंजू के साथ हुई थी। विवाह के कुछ ही माह बाद सामने आए इस घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थितियां बनीं, जिनके चलते यह घटना हुई, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

पुलिस ने शुरू की जांच

थाना प्रभारी नीतीश जैन ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। उधर, ग्राम तालगांव सहित आसपास के क्षेत्र में इस घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों का पता पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

टाईम्स गरबा उत्सव : बंगाल की आरती के साथ राजस्थान गरबा की प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

टाईम्स कालेज प्रांगण में आयोजित 5 दिवसीय गरबा का आयोजन में जहा पहले दिन गणेश वंदना के साथ गरबा प्रारंभ हुआ वहीं दूसरे दिन पूरा आयोजन बंगाल की काली पण्डाल में तब्दील हुआ माँ दुर्गा की आरती में प्रतिभागियों ने बंगाली परिधान में स्वंय को सजाकर धूनी आरती की प्रस्तुति दी इसी प्रकार तृतीय दिवस स्कूल की नन्हीं मुन्नी कन्याओं ने माँ दुर्गा के नौ रूप में सजकर प्रस्तुति दी। साथ ही प्रतिभागियों ने शहनाई की धुन पर राजस्थानी गरबा की प्रस्तुति दी तथा राजस्थानी घूमर को भी गरबा में परिवर्तित करके प्रस्तुत किया। संभवतः दमोह जिले के ग्रामीण अंचल से आये शहनाई वादकों ने पहली बार गरबा आयोजन में शहनाई की प्रस्तुति दी है आयोजन समिति तंरगिनी क्लब के द्वारा शहनाई वादकों का सम्मान किया गया।

गरबा कार्यक्रम में जनपद की अध्यक्ष श्रीमति प्रीती राजू ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, किसान मोर्चा के प्रदेश के महामंत्री गोपाल पटेल, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, श्रीमति राधिका राहुल सिंह लोधी ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा, नगर पालिका की उपाध्यक्ष सुषमा विक्रम ठाकुर, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र दुबे, नरेन्द्र बजाज, राजीव आयाची, डा आलोक सोनवलकर, एवं आंनद दीक्षित सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिती रही सभी ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें नवरात्रि की शुभकामनायें दी।

गरबा के रंग में रंगी उपकाशी



हटा। नवरात्रि की की शाम हो, गुजराती गीतों की गूंज हो और डांडिया की खनक पर कदम मिलाने का मौका मिले, तो भला उपकाशी की मातृ शक्तियां पीछे कैसे रहें। गौरीशंकर स्थित दद्दा कला मंच प्रांगण में इन दिनों कुछ ऐसा ही नजारा देखने मिल रहा है। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान, एक जैसे ड्रेस कोड में पहुंची युवतियों महिलाओं के समूह, हाथों में आकर्षक प्रॉप्स और गरबा के नए-नए स्टेप्स के साथ मैदान में उत्सव का रंग लगातार गहरा रहा है। उपकाशी गरबा महोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय गरबा महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में शहरवासियों के पहुंचने और गरबा प्रतिभागियों से आयोजन स्थल उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया। हजारों प्रतिभागियों ने गरबा नृत्य के साथ माता की आराधना की। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद राहुल सिंह, विधायक उमादेवी खटीक, पूर्व विधायक रामकली पीएल तंतुवाय, सौरभ नेमा, रीतेश अग्रवाल, बहादुर पटेल आयुष खटीक सहित अन्य भाजपा नेताओं की गरिमामय उपस्थिति में पूजन अर्चन कर गरबा आरती के साथ किया गया।

कुण्डलपुर में विराजी देवी मां



कुण्डलपुर ग्राम में दुर्गोत्सव की धूम है। ग्राम में छोटी चक्की तालाब के पास माता की मनमोहक प्रतिमा विराजमान है जिनके दर्शनों को श्रद्धालु सुबह शाम पहुंच रहे है।

कटनी मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप पलटी, दो दर्जन से अधिक घायल

दमोह। हिंडोरिया थाना क्षेत्र में कटनी मार्ग स्थित टोल के पास देर रात करीब दो से तीन बजे के बीच तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पिकअप सवार दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस और डायल 112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।दमोह जिला अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर पीयूष निमाड़े और उनकी टीम ने घायलों का उपचार किया। कुछ घायलों को हिंडोरिया अस्पताल भी ले जाया गया। सूचना पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर, बांदकपुर चौकी प्रभारी बीएस हजारी और टीआई अमित मिश्रा सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा।गनीमत रही कि पिकअप पुलिया में नहीं गिरी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घायलों का उपचार जारी है।

बागेश्वर महाराज की रथयात्रा में चेन झपटने वाले महाराष्ट्र के दो आरोपी गिरफ्तार

सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों से पुलिस को मिली सफलता, भीड़ में पर्स चोरी करना भी कबूला

दमोह। बागेश्वर महाराज की रथयात्रा के दौरान श्रद्धालु के गले से सोने की चेन झपटने के मामले में दमोह देहात पुलिस ने महाराष्ट्र के बीड जिले के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने भीड़ का फायदा उठाकर चेन झपटने और पर्स चोरी करने की वारदात करना स्वीकार किया है। पुलिस के मुताबिक, 14 अक्टूबर को जबलपुर नाका स्थित होटल फोर सीजन के पास टीवीएस एजेंसी के बाजू में रहने वाले धर्मेंद्र दुबे (56) बागेश्वर महाराज के स्वागत के लिए खड़े थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने धक्का देकर उनके गले से करीब 20 ग्राम वजनी, 80 हजार रुपये कीमत की सोने की चेन झपट ली। शिकायत पर दमोह देहात थाने में अपराध क्रमांक 742/26, धारा 304(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया, नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पांडेय और थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में जबलपुर नाका चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रियंका पटेल एवं उनकी टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ की। पुलिस ने गणेश बाबू गलधर (25), निवासी खंडेश्वरी रोड, बीड और अविनाश उर्फ अतुल गायकवाड़ (23), निवासी गांधीनगर, बीड, महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में दोनों ने रथयात्रा के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर चेन झपटने का प्रयास करने, चेन भीड़ में गिर जाने और एक-दो लोगों के पर्स चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के पास से गणेश के कब्जे से 820 रुपये और अविनाश के पास से 1,030 रुपये नकद बरामद किए। कुल बरामद नकदी 1,850 रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जिला जेल दमोह भेज दिया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल के साथ प्रधान आरक्षक देवेंद्र, भूपेंद्र पटेल, जालम सिंह, नंदलाल सिंह, महेंद्र पटेल तथा आरक्षक मनोज पांडेय, आशीष, सुरेंद्र और संदीप पटेल की भूमिका रही।

8 फीट लंबा मगरमच्छ रहवासी इलाके में दाखिल: कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जनपद की ग्राम पंचायत मुडेरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पुरेनहाऊ के छिंदा तालाब में लंबे समय से आतंक का पर्याय बने एक विशालकाय 8 फीट लंबे मगरमच्छ को आखिरकार वन विभाग की टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है। भारी सुस्ती और रात में किए गए एक भारी शिकार के कारण यह मगरमच्छ वन विभाग की गिरफ्त में आ गया, जिससे ग्रामीणों ने आखिरकार राहत की सांस ली है। ग्रामीणों के अनुसार, यह मगरमच्छ पिछले कई दिनों से रात के वक्त तालाब से निकलकर खेतों के रास्तों और रिहाइशी इलाकों के आसपास आ जाता था। इससे स्थानीय लोगों में भारी दहशत का माहौल था। ग्रामीणों की कई शिकायतों के बाद वन विभाग ने इसे पकड़ने के लिए लगातार प्रयास किए और तालाब के पास पिंजरे भी लगाए गए, लेकिन शातिर मगरमच्छ हर बार वन विभाग को चकमा देकर वापस पानी में उतर जाता था। आज सुबह यह मगरमच्छ तालाब से निकलकर पास के



ही रिहाइशी इलाके 'हरदुआ खुर्द' में जा पहुंचा। जानकारों के मुताबिक, रात के समय इस मगरमच्छ ने एक शियार (Jackal) को अपना शिकार बनाया था और उसे पूरा निगल लिया था। पेट अत्यधिक भरा होने के कारण यह विशालकाय जीव सामान्य रूप से फुर्ती से चल नहीं पा रहा था, जो वन विभाग की टीम के लिए मददगार साबित हुआ।



रिहाइशी इलाके के पास मगरमच्छ की मौजूदगी की सूचना मिलते ही पहले से अलर्ट फॉरेस्ट रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। टीम ने भारी जोखिम और सूझबूझ का परिचय देते हुए कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू कर उसे पिंजरे में कैद कर लिया। इसके बाद टीम उसे सुरक्षित तेजगढ़ रेंज लेकर रवाना हुई।

टाइगर रिजर्व में किया गया रिलीज

डीएफओ ईश्वर जरांडे के मार्गदर्शन और तेजगढ़ रेंजर अखिलेश चौरसिया के कुशल निर्देशन में यह पूरा ऑपरेशन सफलतापूर्वक चलाया गया। रेंजर अखिलेश चौरसिया ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार इस मगरमच्छ को वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के सिगौरगढ़ जलाशय में सुरक्षित प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया है। इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में डिप्टी रेंजर चंद्र नारायण चौबे, विनोद कुमार साहू और करनपुरा बीट प्रभारी झलकन साहू ने मौके पर मुस्तैद रहकर अहम भूमिका निभाई। टीम की इस मुस्तैदी और सफलता के बाद ग्रामीणों ने चैन की सांस ली है।

अर्थव नर्सिंग होम में दवाओं के पक्के बिल नहीं देने का आरोप, जांच की मांग

दमोह। नगर के बालाकोट रोड स्थित केंद्रीय विद्यालय के सामने संचालित अर्थव नर्सिंग होम में मरीजों से दवाओं और उपचार के नाम पर मनमानी राशि वसूलने तथा पक्के बिल नहीं देने के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में जिला प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। आरोप है कि यहां मरीजों को भर्ती करने के बाद दवाओं और अन्य खर्चों का हिसाब छोटे कागज पर लिखकर राशि ली जाती है। परिजनों द्वारा बिल मांगने पर छुट्टी के समय देने की बात कही जाती है, लेकिन मरीज को छुट्टी देने या अन्य अस्पताल में रेफर करने के बाद भी पक्का बिल नहीं दिया जाता। परिजनों को केवल मरीज की फाइल सौंपे जाने की शिकायत है। यह भी आरोप लगाया गया है कि नर्सिंग होम के इमरजेंसी वार्ड में 24 घंटे के लिए दो हजार रुपये निर्धारित बताए जाते हैं। ऐसे में उपचार और दवाओं के खर्च की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जिला प्रशासन से मांग की गई है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर नर्सिंग होम में उपलब्ध इमरजेंसी सुविधाओं, बिलिंग व्यवस्था और शासन के निर्धारित नियमों की जांच कराई जाए। यदि जांच में अनियमितताएं सामने आती हैं, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

मरीजों को समय पर उपचार और दवाइयां उपलब्ध कराने के दिए निर्देश: कलेक्टर

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने नोहटा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद लोगों से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। चर्चा के दौरान ग्रामीणजनों ने कलेक्टर को बताया कि अस्पताल में डॉक्टर पूरे समय उपलब्ध नहीं रहते हैं तथा दवाइयों की भी पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री यादव ने संबंधित डॉक्टर को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय तक अस्पताल में उपस्थित रहकर मरीजों का नियमित परीक्षण एवं उपचार सुनिश्चित करें। मरीजों को इलाज के लिए परेशान न होना पड़े और उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले। श्री यादव ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भी निर्देशित किया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्धारित मानकों के अनुसार पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी है और इसमें किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए।

हर्रई के प्रतिष्ठित नागरिक मनोहर राव मराठा का निधन



तेजगढ़। तेजगढ़ से करीब दो किलोमीटर दूर ग्राम हर्रई निवासी प्रतिष्ठित नागरिक मनोहर राव मराठा (78), पिता मोतीराव मराठा का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 2 बजे हर्रई-सिंगौरगढ़ मुक्तिधाम में किया गया। ग्रामीणों और नगरवासियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।